जादू-टोने के शक ने ली बुजुर्ग की जान, दो आरोपी सहित तांत्रिक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

बैतूल, 1 जुलाई. आठनेर थाना क्षेत्र में अंधविश्वास के चलते हुई बुजुर्ग की हत्या का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। जादू-टोना करने के संदेह में दो युवकों ने अपनी बहन की बीमारी का जिम्मेदार मानते हुए वृद्ध की हत्या कर दी।

पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया अंधेकत्ल का खुलासा

मामले के खुलासे में पुलिस की रही सराहनीय भूमिका

पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और त्वरित विवेचना के आधार पर हत्या में शामिल दोनों आरोपियों के साथ एक तांत्रिक को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 30 जून 2026 को डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम मांडवी स्थित नदी पुल के नीचे एक अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए थाना प्रभारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक की पहचान ग्राम पांडुरन्ना निवासी बंसीलाल नागले के रूप में हुई।

मृतक के पुत्र पंजाबराव नागले की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर एफएसएल टीम और वरिष्ठ अधिकारियों ने

घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। विवेचना के दौरान घटनास्थल के पास स्थित कन्या विद्यालय, मांडवी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की गहन जांच की गई। फुटेज में विनोद नागले और उसका चचेरा भाई रवि नागले घटना के समय घटनास्थल की ओर जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार : मामले का खुलासा होने के बाद आठनेर पुलिस ने हत्या में शामिल विनोद नागले, रवि नागले और तांत्रिक रमेश उर्फ जंगली को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार, उपनिरीक्षक मांगीलाल ठाकरे, उपनिरीक्षक सुभाष भलावी, सहायक उपनिरीक्षक राममूरत वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक संतोष चौधरी, प्रधान आरक्षक पंकज बटले, प्रधान आरक्षक सुभाष माकोड़े, आरक्षक मनीष पटेल, आरक्षक विवेक गाडगे, आरक्षक पवन एनिया, आरक्षक बीरबल मीना, आरक्षक बिप्लव मिरासे, आरक्षक दिनेश उईके तथा प्रवीण धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पूछताछ में आरोपियों ने हत्या करना स्वीकारा

पुलिस पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने हत्या की पूरी घटना स्वीकार कर ली। उन्होंने बताया कि उनकी बहन लंबे समय से बीमार थी और इलाज के बावजूद उसकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा था। इसी कारण उन्होंने गांव में तांत्रिक क्रिया करने वाले रमेश उर्फ जंगली से संपर्क किया। आरोपियों के अनुसार तांत्रिक रमेश उर्फ जंगली ने उन्हें बताया कि बंसीलाल नागले ने उनकी बहन पर जादू-टोना किया है, जिसकी वजह से वह लगातार बीमार रहती है। तांत्रिक की बात पर विश्वास करते हुए दोनों आरोपियों ने मृतक के प्रति रंजिश पाल ली और उसकी हत्या की योजना बनाई। अंधविश्वास और जादू-टोने के संदेह में दोनों ने मिलकर बंसीलाल नागले की हत्या कर दी।

दुष्कर्म एवं आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मर्ग जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं गवाहों के कथनों के आधार पर आरोपी प्रदीप काकोडिया निवासी ग्राम मेडापानी, थाना कोतवाली के विरुद्ध धारा 64(2)(एम) एवं 108 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की है। मर्ग जांच के दौरान मृतिका की बहन एवं भाई के कथन दर्ज किए गए। जांच में सामने आया कि आरोपी द्वारा शादी का भरोसा देकर मृतिका के साथ कई बार दुष्कर्म किया गया, जिससे वह गर्भवती हो गई। जब मृतिका ने आरोपी को गर्भावस्था की जानकारी देकर विवाह करने के लिए कहा, तब आरोपी ने विवाह से इंकार कर गर्भपात कराने का दबाव बनाया। चिकित्सकीय कारणों से गर्भपात संभव नहीं होने तथा आरोपी द्वारा कथित रूप से अपमानजनक व्यवहार एवं मर जाने जैसी बातें कहे जाने से मृतिका मानसिक रूप से अत्यंत परेशान हो गई। प्रारंभिक जांच में प्राप्त साक्ष्यों के अनुसार, इसी मानसिक प्रताड़ना से व्यथित होकर मृतिका ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

एक नजर में

1 लाख 65 हजार 798 बच्चों को पोलियो दवा

बैतूल। राष्ट्रीय पल्स-पोलियों अभियान के अंतर्गत 28 जून से जून 30 जून को जिले में 1 लाख 65 हजार 798 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ जगदीश घोरे ने बताया कि आमला विकासखंड में 21703 आठनेर में 9374, सेहरा में 17576, शहरी बैतूल में 10414, भैंसदेही में 14939, भीमपुर में 18941, चिचोली में 11767, घोड़ाडोंगरी में 21624, मुलताई में 14607, प्रभात पट्टन में 13909, शाहपुर में 10944 इस प्रकार जिले में कुल 164874 लक्ष्य के विरूद्ध 165798, 100 .6 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

जनसहयोग से लगाए 2 सीसीटीवी कैमरे

मुलताई। प्रभात पट्टन पुलिस चौकी में बुधवार को सुरक्षा की दृष्टि से जन सहयोग कर 2 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। जिसमे से एक कैमरा प्रभात पट्टन चौकी के सामने और दूसरा कैमरा कॉलोनी तिराहा पर लगाया गया है। कैमरे में लगाने में प्रभात पट्टन चौकी पुलिस द्वारा 8 हजार रुपए और प्रभात पट्टन तहसीलदार एवं ग्रामीणों के आर्थिक सहयोग से लगाए गए है।प्रभात पट्टन में चोरी की घटनाए काफी बढ़ जाने के कारण सभी ग्राम वासियों के द्वारा सहयोग राशि जमा करके प्रत्येक चौक चौराहे पर कैमरे लगाने का निर्णय लिया है।

सेना के गार्ड रेजिमेंट का सेवानिवृत पर स्वागत

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम रिधोरा के मुल निवासी सेना के जवान की सेवा निवृत होने के बाद बुधवार को मुलताई पहुंचने पर परिजनों सहित ग्रामीणों नए जोरदार स्वागत किया। बताया जाता है ग्राम रिधोरा निवासी अशोक परिहार आर्मी गार्ड रेजिमेंट में पदस्थ थे। सेना में 24 साल की नौकरी पूरी कर सिकंदराबाद से सेवा निवृत होने के बाद बुधवार की दोपहर ट्रेन से मुलताई रेल्वे स्टेशन पहुंचे, जहां पर बडी संख्या में उनके परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा उनका फुल मालाओ से गाजे बाजे के साथ स्वागत किया. जिसके बाद रैली की शक्ल में खुली जीप पर परिवार सहित सवार होकर मां ताप्ती मंदिर पहुंचे एवं मां ताप्ती की पूजा कर होने नए जीवन के पारी की शुरुआत की।

बोलेरो हटाने का बोला तो मारा चाकू, आरोपी को किया गिरफ्तार

बैतूल। खेड़ी सावलीगढ़ स्थित एमपी-48 ढाबे के बाहर वाहन हटाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। आरोपी ने युवक के पेट में वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को पुलिस ने आरोपी का कोतवाली से न्यायालय तक पैदल जुलूस भी निकाला। पुलिस के अनुसार, घटना 30 जून की रात करीब एक बजे की है। खेड़ी सावलीगढ़ की गोठी कॉलोनी

निवासी 30 वर्षीय सिद्धार्थ अग्रवाल अपने दोस्तों के साथ ढाबे पर खाना खाने के बाद बाहर आए थे। उनकी स्कॉर्पियो के पीछे एक बोलेरो खड़ी थी, जिससे रास्ता बंद हो गया था। सिद्धार्थ ने बोलेरो चालक से वाहन हटाने के लिए कहा तो दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि बोलेरो चालक सागर बिंझाड़े उर्फ डेविड गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने चाकू निकालकर सिद्धार्थ के पेट में वार कर दिया। हमले में सिद्धार्थ के पेट के बाईं ओर गंभीर चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। घायल की शिकायत पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद संभावित ठिकानों पर दबिश देकर 25 वर्षीय सागर बिंझाड़े उर्फ डेविड, निवासी फॉरेस्ट डिपो कॉलोनी, सदर बैतूल, को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी का कोतवाली से मुख्य मार्ग होते हुए न्यायालय तक पैदल जुलूस निकाला। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया।

तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव दीक्षारंभ का शुभारंभ

बैतूल। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जेएच कॉलेज बैतूल में बुधवार से तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव दीक्षारंभ-2026 का शुभारंभ हुआ। स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं प्रार्थना के साथ हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का पंजीयन कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे ने महाविद्यालय की गौरवशाली

परंपरा, उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासित वातावरण तथा उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समयबद्धता, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराना है।

भवन को कचरा उत्पादक मानते हुए करना होगा पंजीयन

मुलताई। नगरीय क्षेत्र में 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में स्थित भवन, मेरीज गार्डन,लान, सामुदायिक भवन को नए नियमों में कचरा उत्पादक माना गया, जिन्हे अब पंजीयन कराकर गीला कचरे का अलग से अपने परिक्षेत्र में निस्तारण करना होगा,अन्यथा नगरपालिका द्वारा अर्थदंड किया जाएगा।नपा उपयंत्री महेश शर्मा ने बताया नगर पालिका परिषद ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत निकाय क्षेत्र के सभी थोक कचरा उत्पादकों (बल्क वेस्ट जनरेटर) के लिए नए नियमों का पालन अनिवार्य कर दिया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से अधिसूचित ये नियम 1 अप्रैल से प्रभावी हैं, जिन्हें अब नगर पालिका क्षेत्र में सख्ती से लागू किया जा रहा है। इस श्रेणी में ऐसे भवन या संस्थान जिनका निर्मित क्षेत्रफल 20 हजार वर्गमीटर या उससे अधिक है। प्रतिदिन 40 हजार लीटर या अधिक पानी की खपत होती है, अथवा प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक ठोस कचरा उत्पन्न होता है, उन्हें थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में माना जाएगा। इस दायरे में मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशालाएं, छात्रावास, सामुदायिक भवन और आवासीय संघ सहित अन्य बड़े संस्थान शामिल हैं।

आर्मी जवान के घर से लाखों रुपए के गहने चोरी

मुलताई। नगर में नए टीआई के आने के बाद से चोरी की घटनाए लगातार ब ? रही है,लेकिन पुलिस की गश्त दिखाई नही दे रही है। सोमवार रात साई मंदिर में चोरी होने के दूसरे दिन मंगलवार को खेड़ली बाजार रोड पर स्थित कबीर कॉलोनी में आर्मी जवान के एक सूने मकान में अज्ञात चोरो ने धावा बोलकर सोने चांदी के आभूषण एवं नकद 15 हजार रुपए चोरी कर लिए। बुधवार सुबह जब पड़ोसियों पानी के केंपर लेकर पानी वाला आया तो घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ देखकर मकान मालिक एवं पडोसियों को घटना की जानकारी दी। बताया जाता है कबीर

कालोनी निवासी विकास धोटे सेना में पदस्थ हैं। मंगलवार को उनकी मां और बहन बैतूल गई हुई थीं, जबकि विकास अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया आलमारी का लॉक खोलकर घर में रखा सामान बिखरा दिया एवं आलमारी मे 2 जोडी सोने के कान के, सोने का गला का पेंडल एक नग, चांदी की 2 चैन,चांदी का बिछिया एवं जोडवे, चांदी का कमर का झुमका, चांदी की अंगूठी एवं नकद 15 हजार रुपए चोरी कर ले गए।

मेंटेनेंस के कारण विभिन्न क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 33/11 केव्ही हमलापुर उपकेंद्र पर पीटीआर की क्षमता वृद्धि के लिए 2 जुलाई को मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन- 1 प्रबंधक ने बताया कि प्रस्तावित कार्य के चलते गुरुवार को प्रात: 9 से 12 बजे तक खंजनपुर क्षेत्र के दुर्गा वार्ड, कत्तलढाना, डिपो रोड, विकास नगर, गोयल फैक्ट्री, माचना नगर, अर्जुन वार्ड तथा कालापाठा क्षेत्र के लोहिया वार्ड, चुन्नी ढाना, राजेन्द्र वार्ड, सिविल लाईन, संजय कॉलोनी, मुर्गी चौक, शिवाजी वार्ड, स्वीपर कॉलोनी, जेएच कॉलेज रोड, आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार गंज क्षेत्र के आबकारी, सिन्धी कालोनी, देना बैंक, लक्की सेंटर, कांति शिवा टॉकीज, सेन्ट्रल बैंक, मैकेनिक चौक, अग्रवाल पेट्रोल पंप, बीजेपी कार्यालय, हाथीनाला, डॉ0 लश्करे, बीएसएनएल ऑफिस, गंज महाराष्ट्र बैंक, लोहिया वार्ड, तेल टंकी, एसबीआई बैंक, डॉ. मुले गुरुद्वारा रोड, पुलिस क्वाटर हॉउसिग बोर्ड तथा ग्रीन सिटी क्षेत्र के विनोबा नगर, विवेकानंद वार्ड, भग्गूढाना, खादी उद्योग के पास, ग्रीन सीटी, माचना नगर, हमलापुर चौक, फारेस्ट ट्रेनिंग सेन्टर, जजेस कॉलोनी आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

आयुष विभाग ने मनाया चिकित्सक दिवस

बैतूल। आयुष विभाग ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला आयुष कार्यालय बैतूल में सम्मान समारोह आयोजित कर जिलेभर के आयुष चिकित्सकों का सम्मान किया। इस अवसर पर विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ शासन के दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया गया। चिकित्सकों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया तथा पौधारोपण भी किया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर ने बताया कि आयुष विभाग में प्रत्येक माह

की पहली तारीख को मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें जिले के सभी चिकित्सा अधिकारी शामिल होते हैं। इस बार एक जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस होने के कारण नियमित समीक्षा बैठक के साथ जिले के समस्त आयुष चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया। बैठक के दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर ने विभागीय विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी चिकित्सा अधिकारियों को शासन के समस्त दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

पेंशनर्स ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

बैतूल। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के आह्वान पर मंगलवार 30 जून को प्रदेश के सभी 55 जिलों में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टरों के माध्यम से छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इसी क्रम में बैतूल जिला शाखा ने भी कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर उपजिलाधीश तृप्ति पटेरिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे और अपनी मांगों को न्यायोचित बताते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन सौंपने से पहले दोपहर 12 बजे प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की बैठक

आयोजित की गई, जिसमें छह सूत्रीय मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर्स की सभी मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं, लेकिन प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया जा रहा है तथा पेंशनर्स के हितों की रक्षा से जुड़े संविधान के अनुच्छेद-14 की अनदेखी की जा रही है। बैठक में उपस्थित सभी पेंशनर्स ने सर्वसम्मति से मांगों का समर्थन किया। बैठक में सेवा निवृत्त प्राचार्य सुरेन्द्र पचोरी, सी.आर. पाटिल, विधि प्रभारी एडवोकेट एम.एम. अंसारी, तारा सिंह राजपूत, जगन्नाथ पाठेकर तथा मुन्नालाल साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान आगामी 5 जुलाई 2026 को परंपरागत रूप से कर्तव्यपरायणता सेवा निवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित करने पर भी सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। जिला स्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम में शाहपुर तहसील शाखा अध्यक्ष श्रीमती उमा राजपूत, भैंसदेही तहसील शाखा अध्यक्ष बाबूलाल राठौर, सचिव दिलीप कडुकार, पी.डी. वैष्णव, आठनेर तहसील शाखा अध्यक्ष तथा सहित जिलेभर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदर्शन | खाद, बिजली और अवैध रेत खनन के विरोध में निकाली रैली, एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जताया विरोध

कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रदेश उपाध्यक्ष समेत 12 कांग्रेसी गिरफ्तार

बैतूल। किसानों की विभिन्न समस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर बुधवार को शाहपुर में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में बड़ा प्रदर्शन किया गया। जनपद पंचायत कार्यालय से एसडीएम कार्यालय तक निकाली गई रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी रहे मौजूद

जनहित की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने युवा

कांग्रेस मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, जिला युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कमलेश यादव, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू वरकड़े, अविनाश भलावी, अमित तिवारी, प्रदीप कोकाटे, भोला पुंडे सहित 12 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। आंदोलन का आह्वान जिला युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कमलेश यादव ने किया था। आंदोलन का नेतृत्व युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू वरकड़े, अविनाश भलावी और नीलेश करोचे ने किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान और आमजन जनपद पंचायत कार्यालय शाहपुर के सामने एकत्रित हुए, जहां से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने, ई-टोकन व्यवस्था समाप्त अथवा उसमें सुधार करने, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत लंबित अनुदान राशि का भुगतान करने, छात्रावासों में पात्र विद्यार्थियों को पारदर्शी तरीके से प्रवेश देने, जिले में अवैध रेत खनन पर रोक लगाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती बंद करने जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों और आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में ओम कवडकर, अंकुश मिश्रा, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष आयुष शुक्ला, सिद्धिक कुरैशी, जनपद सदस्य संजू वट्टी, सरपंच शेखर कुमरे, सोनू धुर्वे, किसान नेता राजेश साहू, युवा कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कोकाटे, जिला महासचिव भोला पुंडे, आमला ब्लॉक अध्यक्ष मनीष नागले, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुर नीलेश करोचे, मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुर अविनाश भलावी, तथा कमलेश काकोड़िया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

सीएससी कार्यशाला में उत्कृष्ट वीएलई सम्मानित

बैतूल। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिलेभर से बड़ी संख्या में सीएससी वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर्स) शामिल हुए। इस दौरान सीएससी की विभिन्न सेवाओं, नई परियोजनाओं और डिजिटल सेवा विस्तार की रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले वीएलई को सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला में सीएससी के राज्य प्रमुख अतुलित राय, स्टेट मैनेजर संजय नगरिया, लोन बाजार स्टेट कोऑर्डिनेटर आशीष द्विवेदी, सीएससी जिला

प्रबंधक कमलेश रघुवंशी, श्रम विभाग के अधिकारी धर्मदीप भगत तथा जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कुमार साकेत उपस्थित रहे। राज्य प्रमुख अतुलित राय ने वीएलई को होम लोन, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम), आयुष्मान भारत, डिजीपे, बिजली बिल भुगतान, इंश्योरेंस, ग्रामीण ई-स्टोर, बैंकिंग सेवाओं सहित सीएससी की अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वीएलई से नागरिकों तक अधिक से अधिक डिजिटल सेवाएं पहुंचाने और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर सीएससी के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाले वीएलई को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया।